# 1 भाषा, लिपि और व्याकरण
## *(Language, Script and Grammar)*




बिल्ली की भाषा हम नहीं समझ पाते। हम इसे बोली कहते हैं।



सिपाही संकेत द्वारा वाहनों को रुकने का आदेश दे रहा है। यह सांकेतिक भाषा हम समझ सकते हैं।




बालिका अपने विचार मौखिक भाषा द्वारा व्यक्त कर रही है। इसे हम समझ रहे हैं।

**भाषा** – जिस निश्चित माध्यम द्वारा मनुष्य अपने विचारों व भावों को दूसरों तक पहुँचाता है, तथा दूसरों के विचारों को जान सकता है, उसे भाषा कहते हैं।

**भाषा के रूप** – मुख्यत: भाषा के दो रूप होते हैं।

1. लिखित भाषा 2. मौखिक भाषा

समाचार पत्र, पत्रिकाएँ और हमारी पाठ्य पुस्तकें यह सभी भाषा के लिखित रूप का उदाहरण हैं। बोलकर, हम निकट बैठे व्यक्ति से विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। किन्तु यदि हमें किसी अन्य नगर या देश में रह रहे अपने मित्र से विचारों का आदान-प्रदान करना हो तो हम या तो टेलीफोन का प्रयोग कर मौखिक भाषा द्वारा वार्तालाप करेंगे या फिर, पत्र, ई-मेल आदि में लिखित भाषा का प्रयोग करेंगे। परीक्षा भी हम सामान्यत: लिखित भाषा में ही देते हैं। हाँ, साक्षात्कार मौखिक भाषा में होता है।



Scanned with CamScanner





साक्षात्कार मौखिक भाषा का रूप है।

परीक्षा लिखित भाषा का रूप है



हाइरोग्लिफिक्स लिपि

**भाषा का विकास :** आदिकाल में मनुष्य सम्भवतः संकेतों, विभिन्न ध्वनियों अथवा चित्र बनाकर विचारों का आदान-प्रदान करते होंगे। कालांतर में यह सभी माध्यम संगठित व परिष्कृत होकर भाषा के रूप में विकसित हुए। विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में मिस्र की हाइरोग्लिफिक्स व सिंधु घाटी सभ्यता की चित्रात्मक लिपि मुख्य हैं।

**भाषा का महत्व :** भाषा व भाषा के उपयोग द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति, मनुष्य जाति को अन्य जीव-जन्तुओं से कहीं अधिक विकसित, विलक्षण व प्रगतिशील बनाती है। समाज की नींव भाषा ही है। ज्ञान व ध्यान की रीढ़ भी भाषा ही है।

**भाषा-भंडार :** संसार में वर्तमान में लगभग 7400 भाषाएँ व उप-भाषाएँ बोली, लिखी व पढ़ी जाती हैं। भारत में अनेक भाषाएँ विभिन्न प्रान्तों में प्रयुक्त होती हैं, जैसे— बंगाली, उड़िया, मराठी, पंजाबी, गुजराती, तमिल, तेलुगू, असमिया आदि।

हिन्दी भाषा का प्रयोग भारत में सर्वाधिक होता है, अतएव हिंदी भाषा को भारत की राष्ट्रभाषा घोषित किया गया है। विश्व में यों तो प्रत्येक देश की अपनी भिन्न भाषा है किन्तु अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में अधिकतम होता है। इसी कारण से अंग्रेज़ी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहा जाता है।

**लिपि :**

भाषा को लिखने के लिए निर्धारित चिह्नों का प्रयोग अनिवार्य है, जिससे उस भाषा को बोला, पढ़ा जा सके। किसी भाषा के लेखन में प्रयुक्त निधारित चिह्नों को उस भाषा की लिपि कहा जाता है।
हिंदी भाषा की लिपि 'देवनागरी' है। इसी प्रकार अंग्रेज़ी भाषा की लिपि 'रोमन', पंजाबी की 'गुरमुखी' तथा उर्दू की 'फारसी' है।

Scanned with CamScanner




**व्याकरण** – प्रत्येक भाषा को लिखने, बोलने व पढ़ने के कुछ निर्धारित नियम होते हैं। व्याकरण, भाषा के इन्हीं नियमों का व्यवस्थित व क्रमबद्ध अध्ययन है।

व्याकरण वह विधा है जो भाषा को शुद्ध रूप से बोलना, लिखना और पढ़ना सिखाती है।




'माँ, मुझे आइसक्रीम खाना चाहिए'



'देखो तारा कितने सुंदर लग रहा है'

बच्चो, आपने ऊपर लिखे दोनों वाक्य पढ़े। क्या ये वाक्य सही हैं? नहीं! पहला वाक्य इसलिए गलत है, क्योंकि कथन का आशय ही बदल गया है। बच्चा माँ से आइसक्रीम माँग रहा है न कि यह बता रहा है कि आइसक्रीम खाना अनिवार्य है। शुद्ध वाक्य यह होगा— 'माँ, मुझे आइसक्रीम चाहिए' या 'माँ मुझे आइसक्रीम खानी है'। दूसरा वाक्य भी अशुद्ध है क्योंकि आकाश में अनेक तारे हैं परंतु वाक्य का वचन एकवचन है। शुद्ध वाक्य है— 'देखो, तारे कितने सुंदर लग रहे हैं'। व्याकरण, भाषा के शुद्ध या अशुद्ध होने का ज्ञान कराती है व नियमों द्वारा भाषा को सुंदर व शुद्ध रूप देती है।

**हमने सीखा :**

- अपने विचारों व भावों को दूसरों तक पहुँचाने का सशक्त व सार्थक साधन ही भाषा है।
- भाषा मौखिक और लिखित रूप में प्रयुक्त होती है।
- हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है। अंग्रेज़ी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है।
- भाषा को लिखने में प्रयुक्त निर्धारित चिह्नों को लिपि कहते हैं।
- हिंदी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।
- व्याकरण, भाषा को नियमों में बाँधकर शुद्ध व सुंदर बनाने की विधा है।



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें—

1. भाषा क्या है? भाषा के दो रूपों के दो-दो उदाहरण दीजिए।
2. आदिकाल में मनुष्य अपने विचारों का आदान-प्रदान किस माध्यम से करता था?
3. भाषा का हमारे जीवन में क्या महत्व है?
4. राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? भारत की राष्ट्रभाषा कौन-सी है?
5. लिपि क्या है? पंजाबी तथा अंग्रेज़ी भाषाओं की लिपियों के नाम बताएँ।

ख) उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. पाठ्य-पुस्तक भाषा का __________ रूप है।
2. जानवरों की भाषा को __________ कहते हैं।
3. आदिकाल में मनुष्य __________ एवं __________ द्वारा अपने विचार व्यक्त करता था।
4. भाषा __________ व ध्यान की रीढ़ है।
5. अंग्रेज़ी __________ भाषा है।

ग) सही वाक्य के सामने (✔) और गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए—

1. हिन्दी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है।
2. सांकेतिक भाषा व्याकरण के नियमों के आधीन नहीं है।
3. साक्षात्कार भाषा का लिखित रूप है।
4. मानव जाति के विकास में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है।
5. भारत की सभी भाषाएँ एक ही लिपि में लिखी जाती हैं।

## रचनात्मक कार्य

भारत के निम्न शहरों का वहाँ पर बोली जाने वाली भाषाओं से मिलान करें—

| | शहर | | भाषा |
|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ | क. | तेलुगू |
| 2. | चेन्नई | ख. | उड़िया |
| 3. | कोलकाता | ग. | गुजराती |
| 4. | मुम्बई | घ. | पंजाबी |
| 5. | अहमदाबाद | ङ | मलयालम |
| 6. | लुधियाना | च. | बंगाली |
| 7. | कोच्चि | छ. | मराठी |
| 8. | हैदराबाद | ज. | हिन्दी |
| 9. | कटक | | |



Scanned with CamScanner

# पाठ 1 भाषा लिपि और व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र1. भाषा क्या है भाषा के दो रूपों के दो -दो उदाहरण दीजिए ?

उत्तर -जिस निश्चित माध्यम द्वारा मनुष्य अपने विचारों व भावो को दूसरों तक पहुंचाता है तथा दूसरों के विचारों को जान सकता है उसे भाषा कहते हैं।

प्र2.आदिकाल में मनुष्य अपने विचारों का आदान-प्रदान किस माध्यम से करता था ?

उत्तर आदि काल में मनुष्य संकेतों, ध्वनियों तथा चित्र बनाकर अपने विचारों का आदान -प्रदान करता था ।

प्र3. भाषा का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

उत्तर- भाषा के उपयोग द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति ,मनुष्य को जीव- जंतुओं से कहीं अधिक विकसित और प्रगतिशील बनाती है ।

प्र4. राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं ?भारत की राष्ट्रभाषा कौन सी है?

उत्तर -प्रत्येक देश में विभिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं परंतु जिस भाषा का प्रयोग अधिक होता है उसे राष्ट्रभाषा कहते हैं। भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी है क्योंकि यह अनेक राज्यों में बोली एवं प्रयोग की जाती है।

प्र5. लिपि क्या है ? पंजाबी तथा अंग्रेजी भाषाओं की लिपियों के नाम बताएँ।

उत्तर -किसी भाषा के लेखन में प्रयुक्त निर्धारित चिन्हों को उस भाषा की लिपि कहा जाता है। पंजाबी भाषा की लिपि 'गुरुमुखी' और अंग्रेजी भाषा की लिपि 'रोमन' है।

Scanned with CamScanner

## पाठ 1 अभ्यास कार्य पुस्तक में

प्रश्न ख -उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1 लिखित 2. बोली 3. संकेतों, विभिन्न ध्वनियों
4. ज्ञान 5. अंतर्राष्ट्रीय

प्रश्न ग .सही वाक्य के सामने (√) और गलत के सामने (x)का निशान लगाइए -

1. x 2.√ 3.x 4.√ 5.x

नोट - अभ्यास कार्य पुस्तक में ही करें ।

Scanned with CamScanner